भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

05.02.2020 के

अतारांकित प्रश्न सं. 631 का उत्तर

आदर्श स्टेशन योजना

631. श्री नारणभाई काछड़ियाः

श्री परबतभाई सवाभाई पटेलः

श्री प्रदीप कुमार सिंहः

श्रीमती गीताबेन वी. राठवाः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आदर्श स्टेशन योजना (एएसएस) के तहत उन्नयन किए गए रेलवे स्टेशनों की संख्या कितनी है;

(ख) उक्त योजना के तहत सरकार द्वारा उन्नयन की जा रही सुख सुविधाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त योजना के तहत यात्री सुविधाएं भी शामिल हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (घ): 'आदर्श स्टेशन योजना' के अंतर्गत, विभिन्न यात्री सुविधाओं, जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ, स्टेशन भवन के अग्रभाग में सुधार, विश्रामालय, प्रतीक्षालय (स्नान की सुविधाओं के साथ), महिलाओं के लिए अलग प्रतीक्षालय, परिसंचारी क्षेत्र का भू-निर्माण, निर्धारित पार्किंग, संकेतक, पे एंड यूज़ शौचालय, पैदल पार पुल, स्टेशन के प्रवेश द्वार पर रैंप आदि शामिल हैं, रेलवे स्टेशनों पर मुहैया कराए गए हैं, जिनकी उस स्टेशन की संबंधित कोटि के अनुसार इस योजना के अंतर्गत पहचान की जाती है और विकसित किया जाता है। विकास के लिए 1253 स्टेशनों की पहचान की गई है, जिनमें से अब तक 1172 स्टेशनों को 'आदर्श स्टेशन योजना' के अंतर्गत विकसित किया गया है।

******